विषय कोड : **101**
Subject Code : **101**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**F**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2020 – (ANNUAL)
## HINDI ( MT )
## मातृभाषा हिन्दी

**101-**
प्रश्न-पत्र क्रमांक
Question Paper Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 60 + 6 = 66
**Total No. of Questions : 60 + 6 = 66**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20
**Total No. of Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द-सीमा का ध्यान रखें ।*
4. *इस प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।** इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जाएगा । प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही वृत्त को नीले / काले बॉल पेन से भरें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड-ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।

50 × 1 = 50

1. मछली लेकर कौन भाग गया था ?

(A) भग्गू

(B) संतू

(C) बंतू

(D) जग्गू

2. हिन्दी भाषा की लिपि क्या है ?

(A) ब्राह्मी लिपि

(B) देवनागरी लिपि

(C) चित्र लिपि

(D) गुरुमुखी लिपि

3. बिरजू महाराज के चाचा का नाम क्या था ?

(A) शंभु महाराज

(B) गोदई महाराज

(C) श्री महाराज

(D) विष्णु महाराज

4. 'जारशाही' कहाँ थी ?

(A) रूस में

(B) जापान में

(C) फ्रांस में

(D) चीन में

5. 'दोहा-कोश' किसकी रचना है ?

(A) सरहपाद की
(B) रसखान की
(C) जीवनानंद दास की
(D) गुरु नानक की

6. 'आविन्यों' किस नदी पर स्थित है ?

(A) रोन नदी पर
(B) सोन नदी पर
(C) टेम्स नदी पर
(D) टोन नदी पर

7. 'मछली' कहानी में किस वर्ग का जीवन वर्णित है ?

(A) निम्न वर्ग का
(B) उच्च वर्ग का
(C) मध्यम वर्ग का
(D) कृषक वर्ग का

8. बिरजू महाराज की ख्याति किस रूप में है ?

(A) नर्तक के रूप में
(B) तबला वादक के रूप में
(C) शहनाई वादक के रूप में
(D) संतूर वादक के रूप में

9. भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है

(A) सर्दी
(B) लड़की
(C) बहन
(D) घड़ी

10. आध्यात्मिक शिक्षा से गाँधी जी का क्या तात्पर्य है ?

(A) हृदय की शिक्षा
(B) व्यावहारिक शिक्षा
(C) तकनीकी शिक्षा
(D) व्यापारिक शिक्षा

11. 'शिक्षा और संस्कृति' किसकी रचना है ?

(A) भीमराव अंबेदकर
(B) महात्मा गाँधी
(C) नलिन विलोचन शर्मा
(D) यतीन्द्र मिश्र

12. 'भारत से हम क्या सीखें' क्या है ?

(A) निबंध
(B) कहानी
(C) भाषण
(D) व्यक्तिचित्र

13. मैक्स मूलर को वेदांतियों का भी वेदांती किसने कहा है ?

(A) रामकृष्ण परमहंस ने
(B) स्वामी विवेकानन्द ने
(C) महात्मा गाँधी ने
(D) राजा राममोहन राय ने

14. दधीचि की हड्डी से क्या बना था ?

(A) इन्द्र का वज्र
(B) धनुष
(C) त्रिशूल
(D) तलवार

15. "श्रम-विभाजन और जाति प्रथा" के लेखक कौन हैं ?

(A) भीमराव अंबेदकर
(B) रामविलास शर्मा
(C) गुणाकर मुले
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

16. बहादुर अपने घर से क्यों भागा था ?

(A) नौकरी के लिए

(B) पिता के फटकार के कारण

(C) माँ की मार के कारण

(D) घूमने के लिए

17. बिरजू महाराज किस शैली के नर्तक हैं ?

(A) कुचिपुड़ी

(B) भरतनाट्यम

(C) मोहिनीअट्टम

(D) कथक

18. अशोक वाजपेयी का जन्म कब हुआ था ?

(A) 16 जनवरी, 1941 ई० में

(B) 10 मार्च, 1942 ई० में

(C) 19 मई, 1943 ई० में

(D) 15 जून, 1944 ई० में

19. 'वीलनव्व' क्या है ?

(A) एक शहर

(B) एक छोटा सा गाँव

(C) एक नदी

(D) एक झील

20. 'हमारी नींद' कविता कहाँ से ली गयी है ?

(A) इसी दुनिया में से

(B) पहल पुस्तिका से

(C) दुष्चक्र में स्रष्टा से

(D) असादीवार से

21. 'मेघदूत' का जर्मन में अनुवाद किसने किया ?

(A) ईश्वर पेटलीकर ने
(B) रूसो ने
(C) मैक्स मूलर ने
(D) सातकोड़ी होता ने

22. मंगम्मा को किससे विवाद था ?

(A) बेटे से
(B) बहू से
(C) पोते से
(D) सास से

23. लक्ष्मी के पति का क्या नाम है ?

(A) वीरेन्द्र
(B) लक्ष्मण
(C) राजनेश
(D) महेश

24. किस नदी के बाँध के नीचे लक्ष्मी का घर था ?

(A) गंगा
(B) यमुना
(C) सरस्वती
(D) देवी

25. पाप्पाति बेहोश क्यों पड़ी थी ?

(A) सिर दर्द के कारण
(B) तेज बुखार के कारण
(C) चोट लगने के कारण
(D) पेट दर्द के कारण

26. शुद्ध वाक्य है

(A) राम ने पुस्तक खरीदा

(B) राम पुस्तक खरीदा

(C) राम ने पुस्तक खरीदी

(D) इनमें से सभी

27. 'नागरी लिपि' के लेखक हैं

(A) महात्मा गाँधी

(B) विनोद कुमार शुक्ल

(C) गुणाकर मुले

(D) यतीन्द्र मिश्र

28. बहादुर का पूरा नाम है

(A) शेख बहादुर

(B) दिलबहादुर

(C) राम बहादुर

(D) तेज बहादुर

29. परिमाणवाचक विशेषण है

(A) नया

(B) पाँच

(C) थोड़ा-सा

(D) सुंदर

30. परंपरा का ज्ञान किनके लिए आवश्यक है ?

(A) जो लकीर के फकीर हैं

(B) जो उपयोगी साहित्य की रचना न करें

(C) जो लकीर के फकीर न होकर क्रांतिकारी साहित्य की रचना करें

(D) जो उपयोगी साहित्य की रचना न करें

31. 'मेरे बिना तुम प्रभु' कविता का हिन्दी रूपान्तर किसने किया ?

(A) वीरेन डंगवाल

(B) जीवनानंद दास

(C) कुँवर नारायण

(D) धर्मवीर भारती

32. कुँवर नारायण कवि हैं

(A) ग्राम संवेदना के

(B) नगर संवेदना के

(C) ममत्व संवेदना के

(D) पितृत्व संवेदना के

33. 'सेनापति' में कौन समास है ?

(A) द्वन्द्व

(B) तत्पुरुष

(C) बहुव्रीहि

(D) कर्मधारय

34. 'मित्र' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है

(A) मैत्री

(B) मित्रता

(C) मित्रत्व

(D) मित्री

35. "जनतंत्र का जन्म" शीर्षक कविता के कवि का क्या नाम है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) अज्ञेय

(C) सुमित्रानंदन पन्त

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

36. 'अमृत' का पर्यायवाची है

(A) नश्वर

(B) सुधा

(C) आशु

(D) आयास

37. 'मंगु' की बड़ी बहन का क्या नाम था ?

(A) कमु

(B) निम्मी

(C) गीता

(D) लक्ष्मी

38. 'सातकोड़ी होता' कथाकार हैं

(A) पंजाबी के

(B) गुजराती के

(C) उड़िया के

(D) हिन्दी के

39. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है

(A) कमर को बाँधना

(B) तैयार होना

(C) बहुत परिश्रम करना

(D) खड़ा होना

40. दक्षिण अफ्रीका से गाँधी जी भारत कब लौटे ?

(A) 1914 ई० में

(B) 1915 ई० में

(C) 1918 ई० में

(D) 1916 ई० में

41. बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर का जन्म कब हुआ था ?

(A) 14 अप्रैल, 1891 ई० में
(B) 20 अप्रैल, 1892 ई० में
(C) 24 अप्रैल, 1893 ई० में
(D) 28 अप्रैल, 1894 ई० में

42. 'विष के दाँत' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(A) अमरकांत
(B) नलिन विलोचन शर्मा
(C) यतीन्द्र
(D) मैक्स मूलर

43. मैक्स मूलर के अनुसार सच्चे भारत के दर्शन कहाँ हो सकते हैं ?

(A) मुंबई में
(B) दिल्ली में
(C) ग्रामीण भारत में
(D) कोलकाता में

44. 'पराजय' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) प
(B) परा
(C) पर
(D) पराज

45. किसने कहा था कि 'सब पुराने अच्छे नहीं होते, सब नए खराब ही नहीं होते' ?

(A) मैक्स मूलर
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) स्वामी विवेकानन्द
(D) कालिदास

46. महात्मा गाँधी के पिता का क्या नाम था ?

(A) धरमचंद गाँधी
(B) मीरचंद गाँधी
(C) हरचंद गाँधी
(D) करमचंद गाँधी

47. 'राजगृह' कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) द्वन्द्व
(C) द्विगु
(D) बहुव्रीहि

48. निम्नलिखित में सर्वनाम है

(A) राजेन्द्र
(B) पुस्तक
(C) मैं
(D) सीता

49. गुरु नानक किस भक्ति धारा के कवि हैं ?

(A) सगुण भक्ति धारा के
(B) निर्गुण भक्ति धारा के
(C) सूफी धारा के
(D) कृष्ण भक्ति धारा के

50. रसखान दिल्ली से कहाँ चले गए ?

(A) हरियाणा
(B) पंजाब
(C) ब्रजभूमि
(D) वाराणसी

51. 'हिन्दुस्तानी नाम सुनि, अब ये सकुचि लजात' - पंक्ति किस कविता से उद्धृत है ?

(A) भारतमाता (B) जनतंत्र का जन्म

(C) अक्षर ज्ञान (D) स्वदेशी

52. रसखान किस विषय में सिद्ध थे ?

(A) सवैया-छन्द में (B) कवित्त में

(C) मुक्तक में (D) रीतिमुक्त काव्यधारा में

53. अमराई का कुआँ कहाँ है ?

(A) शहर में (B) बाजार में

(C) रास्ते में (D) रंगप्पा के खेत में

54. पाप्पाति की उम्र क्या थी ?

(A) 12 वर्ष (B) 15 वर्ष

(C) 18 वर्ष (D) 20 वर्ष

55. सीता रुआँसी क्यों हो गयी ?

(A) बेटों के दुत्कार से (B) बहुओं की कलह से

(C) अपना काला ओढ़ना देखकर (D) अपनी गरीबी पर

56. शुद्ध शब्द है

(A) प्रकृति

(B) प्रकिर्ति

(C) परकृति

(D) प्रक्रती

57. 'परिश्रम' में कौन उपसर्ग है ?

(A) परि

(B) प

(C) ए

(D) परिश्र

58. 'हाथ खाली होना' मुहावरे का अर्थ है

(A) कुछ नहीं मिलना

(B) हाथ से पैसा गिर जाना

(C) पास पैसा न होना

(D) गरीब होना

59. 'अवकाश' शब्द में उपसर्ग है

(A) अ

(B) अव

(C) अवका

(D) अवक

60. हिरोशिमा किस देश में है ?

(A) चीन

(B) फ्रांस

(C) जापान

(D) जर्मनी

## खण्ड - घ

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1 निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । 5 × 2 = 10

(क) देश के स्वतंत्र होने पर शासन की ओर से अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का श्रीगणेश किया गया और शासकीय कर्मचारियों ने उनकी पूर्ति में भरसक योग दिया । फिर भी इस बात का अनुभव किया जा रहा है कि शासन-तंत्र में पूरी कार्य-तत्परता का अभाव है । जितनी तेजी से प्रगति की जा सकती है, उतनी हो नहीं पाती । इसके पीछे कर्मचारियों का यह दुराग्रह रहता है कि कम काम करें । कभी-कभी भ्रष्टाचार भी प्रगति के पथ में बाधक बन जाता है । देश के वर्तमान संकट में कर्मचारियों को शासन-सूत्र चलाने में पूरे उत्साह से योग देना चाहिए । क्या यह संभव नहीं है कि वे अपनी कार्यगति को बढ़ाएँ और अतिरिक्त समय में कार्य करके पिछली फाइलों को शीघ्रातिशीघ्र निबटा दें । इससे वे देश के प्रति अपनी भूमिका को अधिक सफलता से निभा सकेंगे । यह देखकर और भी आश्चर्य होता है कि शासकीय कर्मचारी ही कभी-कभी सरकार की खुली आलोचना करते हैं । राष्ट्र की कमियों के प्रति उनका भी उत्तरदायित्व है, इसे वे जैसे भूल जाते हैं । हमारा अनुरोध है कि उन्हें शासन की आलोचना न करके जनमत को सरकार के अनुकूल बनाना चाहिए । किन्तु, यह बात नहीं है कि उन्होंने इस दिशा में कुछ किया ही न हो । जब से देश में आपात स्थिति की घोषणा की गयी, तब से वे इस दिशा में जागरूक हो गये ।

(i) देश के स्वतंत्र होने पर क्या किया गया ?

(ii) शासन-तंत्र में किस चीज का अभाव है ?

(iii) देश की प्रगति में मुख्य बाधा क्या है ?

(iv) शासकीय कर्मचारियों को क्या करना चाहिए ?

(v) आपात स्थिति का क्या लाभ हुआ ?

(ख) एक बार वेनिस नगर की यात्रा करते हुए गैलीलियो ने सुना कि हालैण्ड में किसी व्यक्ति ने कोई नई खोज की है । यह व्यक्ति हालैंड का चश्मे की शीशे बनानेवाला कोई व्यापारी था । एक दिन दुकान पर चश्मा बनाते समय उसने देखा कि नतोदर और उन्नतोदर तलों ( लैंसों ) को जोड़कर यदि आँख के सामने रखा जाए, तो दूर की वस्तुएँ बहुत समीपस्थ दिखाई पड़ती हैं । गैलीलियो के लिए इतना जान लेना पर्याप्त था । उसने स्वयं इस सम्बन्ध में कुछ प्रयास आरंभ कर दिए । उसने शीशों में विभिन्न परिवर्तन करके उन्हें एक नली में इस ढंग से लगा दिया कि उनमें से देखने से दूर की वस्तुएँ काफी बड़ी और समीपस्थ दिखाई पड़ने लगीं । इस यंत्र को दूरबीन का नाम दिया । 21 अगस्त, 1960 ई० को गैलीलियो ने पहली बार दूरबीन तैयार की । 'सितारों को संदेश' नामक पुस्तक में दूरबीन की खोज की कहानी लिखी । उसी के शब्दों में, –"कुछ महीने पहले समाचार मिला कि हालैंड निवासी एक व्यक्ति के द्वारा ऐसा शीशा बनाया गया है, जिससे दूर की वस्तुएँ नजदीक दिखाई पड़ती हैं । मैं स्वयं भी ऐसे यंत्र के निर्माण में लग गया । मैंने एक नली बनाई और उसके दोनों सिरों पर एक-एक शीशा लगाया । उनमें एक कानकेव लैंस था और दूसरा कानवेक्स । इसके बाद मैंने उसी नली के सिरे पर आँख रखकर नली में से झाँकर आनेवाली वस्तुओं की आकृति को देखा । नली के माध्यम से वस्तुएँ मुझे एक-तिहाई दूरी पर और तीन गुना बड़ी दिखाई दीं । फिर मैंने दूसरी बड़ी दूरबीन बनाई । इसमें से दूर की वस्तुएँ लगभग एक हजार गुना बड़ी और तीस गुना नजदीक दिखाई देने लगीं ।"

(i) गैलीलियो को दूरबीन बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?

(ii) दो प्रकार के ताल ( लैंस ) कौन-कौन से होते हैं ?

(iii) गैलीलियो की पहली दूरबीन में क्या-क्या गुण था ?

(iv) दूसरी दूरबीन की शक्ति पहली दूरबीन से कितनी अधिक थी ?

(v) गैलीलियो की किस पुस्तक का नाम इस गद्यांश में लिया गया है ?

2 निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । 5 × 2 = 10

(क) महात्मा गाँधी ने आज से 30 - 35 वर्ष पूर्व बुनियादी शिक्षा का आंदोलन शुरू किया था । उसमें उन्होंने राष्ट्र के लिए कई प्रकार की प्रारंभिक शिक्षा का प्रस्ताव रखा था, जिसका केन्द्र शारीरिक श्रम और उत्पादन कार्य था और जिसका सामुदायिक जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध था । भारतीय शिक्षा के इतिहास में उसका महत्वपूर्ण स्थान था । यह एक शिक्षा के प्रति क्रांति थी जो भारत में कई सालों के अंग्रेजी शासन में परम्परागत प्रणाली पर बनी थी, जो अनुत्पादक और पुस्तकीय थी और जिसमें परीक्षाओं का महत्वपूर्ण स्थान था । बुनियादी शिक्षा से राष्ट्रीय चेतना जागृत हुई । हो सकता है कि उससे प्राथमिक अवस्था में शिक्षा के रूप में कोई आमूल परिवर्तन न आया हो, किन्तु इतना अवश्य है कि एक अधिक बड़े क्षेत्र में शिक्षा-संबंधी विचार और व्यवहार पर गहरी छाप पड़ी । हमारा यह विश्वास है कि इस प्रणाली की मूल बातें तत्त्वतः ठीक हैं और थोड़े संशोधन से उन्हें हमारी शिक्षा-प्रणाली की न केवल प्राथमिक अवस्था पर अपितु सारी ही अवस्थाओं पर शिक्षा का अंग बनाया जा सकता है । ये तीन बातें इस प्रकार हैं : – (क) शिक्षा में उत्पादक कार्यकलाप, अर्थात् कोई ऐसा विषय सिखाया जाय, जिससे छात्र कुछ कमाई भी करने योग्य हो सकें । (ख) पाठ्यचर्या का उत्पादक कार्यकलापों और भौतिक तथा सामाजिक पर्यावरण से सह-संबंध और (ग) स्कूल तथा स्थानीय जनसमुदाय से घनिष्ठ संबंध ।

(i) गाँधी जी ने किस शिक्षा का आन्दोलन शुरू किया था ?

(ii) सामाजिक जीवन से उसका कैसा संबंध था ?

(iii) अंग्रेजों द्वारा चलाई गई शिक्षा पद्धति कैसी थी ?

(iv) बुनियादी शिक्षा के क्या लाभ हैं ?

(v) बुनियादी शिक्षा पद्धति में मुख्य तीन बातें कौन-कौन हैं ?

(ख) अंग्रेजी सेनाध्यक्षों में क्लाइव का बहुत ऊँचा स्थान था । उसमें अदम्य उत्साह और वीरता के गुण थे । वह दयालु, गंभीर, दूरदर्शी तथा कुशल राजनीतिज्ञ था । वह कभी कठिनाइयों से नहीं घबराता था और जी तोड़ परिश्रम करता था । इंग्लैण्ड में उसके शत्रुओं ने उसके विरुद्ध एक लड़ाई छेड़ी, जिसमें उस पर बेईमानी करने का आरोप लगाया गया । यद्यपि वहाँ की संसद ने उसे इस आरोप से मुक्त कर निर्दोष घोषित कर दिया, तथापि वह सर्वथा निर्दोष हो ऐसा नहीं माना जा सकता । जहाँ तक इंग्लैण्ड के प्रति की गई उसकी महान सेवाओं का प्रश्न है, वहाँ तक तो सब ठीक है, परन्तु 'उसने भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना की' इस हेतु मात्र से ही उसे दोषहीन बताया जाए, सर्वथा अनुचित है । कारण यह है कि उसमें नैतिक कमजोरियाँ बहुत ही अधिक थीं । अपने देश के लिए अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए नीच से नीच कार्य करने से भी नहीं चूकता था । अमीचंद के साथ की गई धोखेबाजी और मीर जाफर के साथ किया गया उसका बेईमानी से भरा व्यवहार अक्षम्य है । उसके दुर्गुण का अनुकरण उसके कर्मचारियों ने भी किया, परिणामस्वरूप ब्रिटिश इण्डिया कम्पनी में भ्रष्टाचार का बोल-बाला बढ़ गया ।

(i) क्लाईव कौन था, उसमें कौन-कौन गुण थे ?

(ii) उसे बेईमान कौन सिद्ध करना चाहता था ?

(iii) इंग्लैण्ड की संसद ने उसे निर्दोष क्यों घोषित किया ?

(iv) उसके तीन नैतिक कमजोरियों का संकेत दीजिए ।

(v) उसकी इन कमजोरियों का क्या परिणाम निकला ?

http://www.bsebstudy.com

3 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) वृक्षारोपण

(i) भूमिका

(ii) वृक्ष की महत्ता

(iii) लाभ

(iv) कटाई से हानि

(v) निष्कर्ष

(ख) मेरा प्रिय खेल

(i) भूमिका

(ii) लाभ

(iii) निष्कर्ष

(ग) भारतीय नारी

(i) भूमिका

(ii) ऐतिहासिक स्थिति

(iii) वर्त्तमान स्थिति

(iv) निष्कर्ष

(घ) वर्षा-ऋतु

(i) भूमिका

(ii) महत्व

(iii) लाभ

(iv) हानि

(v) निष्कर्ष

(ङ) होली

(i) भूमिका

(ii) धार्मिक संदर्भ

(iii) लाभ

(iv) हानि

(v) उपसंहार

4. ईलाज कराने के लिए छुट्टी हेतु प्रधानाध्यापक के पास आवेदन पत्र लिखें । 1 × 5 = 5

**अथवा**

मद्य-निषेध के परिणाम पर दो मित्रों के बीच के संवाद को लिखिए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **20 - 30** शब्दों में दें :

5 × 2 = 10

(क) भीमराव अंबेदकर किस विडम्बना की बात करते हैं ?

(ख) धर्मों की दृष्टि से भारत का क्या महत्व है ?

(ग) मनुष्य बार-बार नाखून क्यों काटता है ?

(घ) रंगप्पा कौन था ?

(ङ) माँ मंगु को अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती थी ?

(च) कवि अगले जीवन में क्या-क्या बनने की संभावना व्यक्त करता है ?

(छ) "अक्षर-ज्ञान" शीर्षक कविता में 'क' का विवरण स्पष्ट कीजिए ।

(ज) कवि को वृक्ष बूढ़ा चौकीदार क्यों लगता था ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ( शब्द सीमा लगभग **100** ) :

$1 \times 5 = 5$

(क) लेखक ने नया सिकंदर किसे कहा है ? ऐसा कहना क्या उचित है ? लेखक का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मानव का रचा सूरज/मानव को भाप बनाकर सोख गया ।' व्याख्या करें ।